# विश्व खसरा दिवस उन्मूलन के लिए दिलाई शपथ, 22 तक टीकाकरण



छिन्दवाड़ा, देशबन्धु। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एन.के. शास्त्री ने बताया कि प्रतिवर्ष 16 मार्च को खसरा दिवस मनाया जाता हैं। खसरा दिवस मनाने का मुख्य उद्देश्य खसरा जैसी जानलेवा बीमारी के प्रति लोगो को जागरूक करना और खसरा टीकाकरण कवरेज को अधिकतम करना है। 16 मार्च खसरा दिवस सरकार व स्वास्थ्य विभाग और समुदायों को एक साथ लेकर खसरा उन्मूलन के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए प्रेरित करता है। भारत सरकार, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय नई दिल्ली द्वारा वर्ष 2026 तक मीजल्स रूबेला उन्मूलन का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए सभी जिलाध्ब्लॉक में एमणआरण् टीके की दोनों खुराकों की उपलब्धि 95 प्रतिशत से अधिक होना अनिवार्य है। 16 मार्च खसरा दिवस के अवसर पर 17 मार्च से 22 मार्च 2025 तक छिंदवाड़ा जिले में विशेष टीकाकरण कैचअप सत्रों का आयोजन कर जिले में ड्राप आउट/लेफ्ट आउट बच्चों को एम.आर. टीके लगाये जायेंगे। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शास्त्री ने उपस्थित सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को खसरा उन्मूलन के लिए शपथ भी दिलाई।

जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. एलएन साहू ने बताया की खसरा रोग साईक्लिक ट्रेन्ड के अनुसार प्रत्येक चौथे वर्ष बीमारी महामारी का रूप धारण करती है। खसरा रोग को अभी भी देवी प्रकोप के रूप में समाज में माना जाता है, जबकि वैक्सीन रोधक 12 बीमारियों में सर्वाधिक जानलेवा, घातक एवं तेजी से फैलने वाला यह वायरस एक बीमारी है। खसरा रोग देवी प्रकोप नहीं है। एम.आर.मीजल्स रूबैला के दो बार टीके लगवाऐ सुरक्षा पाएँ। पहला एम.आर. वैक्सीन का टीका 09 से 12 माह एवं दूसरा एम.आर. वैक्सीन का टीका 16 से 24 माह में लगवाए, खसरा रोग जड़ से मिटाए। जिला स्वास्थ्य केन्द्र एवं आंगनवाड़ी केन्द्र में मंगलवार व शुक्रवार को टीके नि:शुल्क लगाये जाते है।

# हरामखाऊ टाइम्स के विमोचन के साथ 37वां अपमान समारोह आयोजित



छिन्दवाड़ा, देशबन्धु। छिंदवाड़ा के दशहरा मैदान में होली के पहले अपमान समारोह आयोजित किया जाता है। इस अपमान समारोह का नाम हरामखाऊ सम्मेलन है। मंच पर जिले के वरिष्ठ नागरिकों के साथ ही जनप्रतिनिधि, अधिकारी, पत्रकार और कई व्यापारी मौजूद रहते हैं। जिनका सार्वजनिक रूप से अपमान किया जाता है। किसी को जूते की माला पहनाई जाती है तो किसी का स्वागत गोभी के फूलों से किया जाता है। हरामखाऊ सम्मेलन के दौरान हास्य कवि प्रताप फौजदार छिंदवाड़ा पहुंचे।

इस दौरान उन्होंने अपनी हास्य कविता और व्यंग्य से लोगों को गुदगुदाया, दशहरा मैदान में आयोजित हुए इस समारोह में सांसद विवेक बंटी साहू सहित प्रशासनिक अधिकारी और जिले के हजारों लोग पहुंचे थे। समारोह के दौरान ही हास्य बुलेटिन हरामखाऊ टाइम्स का विमोचन भी किया जाता है। इस अखबार में जिले के बड़े.बड़े नामों के साथ मजाकिया टाइटल दिए जाते हैं। सालभर ये लोग इसी नाम से जाने जाते है। मजाकिया टाइटल और अलग नामों का ये सिलसिला हर साल चलता है, जो इस कार्यक्रम को और भी रोचक बना देता है। आलम यह है कि इस कार्यक्रम की लोकप्रियता साल-दर-साल बढ़ती जा रही है इसकी वजह से हर साल यहां प्रदेश भर से बड़ी संख्या में लोग पहुंचते हैं। 37 सालों से चला आ रहा ये अपमान समारोह बुरा ना मानो होली है और आपसी भाईचारे का प्रतीक है और लोग इसका भरपूर आनंद उठाते हैं।

## सार समाचार

### सांसद बंटी साहू ने भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव को तिलक लगाकर होली की दी शुभकामनाएं



छिन्दवाड़ा, देशबन्धु। होली के अवसर पर सांसद बंटी विवेक साहू ने भारतीय जनता पार्टी कार्यालय पहुंच भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव को तिलक लगाकर होली की शुभकामनाएं दी।

इस अवसर पर किसान मोर्चा प्रदेश मंत्री संजय सक्सेना, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष संजय पटेल, पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिलाध्यक्ष जगेंद्र अल्डक, अल्प संख्यक मोर्चा जिलाध्यक्ष रिजवान कुरैशी, पूर्व नगरपालिक निगम अध्यक्ष धर्मेन्द्र मिगलानी, युवा नेता शंटी बेदी, सहकारिता प्रकोष्ठ के जिला संयोजक संतोष पटेल, मंडल अध्यक्ष अंकुर शुक्ला, नवीन बारस्कर, जिला मीडिया प्रभारीसंदीप सिंह चौहान, इन्द्रजीत सिंह बैस, अरविंद राजपूत सहित भाजपा नेता उपस्थित रहे।

### पुलिस अधीक्षक ने पुलिस कर्मियों के साथ मनाई होली



छिन्दवाड़ा, देशबन्धु। प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी छिंदवाड़ा पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस लाईन में भव्य रुप से मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि जिला कलेक्टर शीलेंद्र सिंह द्वारा सभी अधिकारियों/कर्मचारियों एवं साथियों को गुलाल लगाकर होली की बधाई व शुभकानाएं दी गई, साथ ही पुलिस परिवार एवं शहरवासियों को भी हॉली की बधाई दी तथा गन व सिलेंडर से गुलाल उड़ाकर एवं पुष्प बरसाकर खुशी जाहिर की।

होली मिलन समारोह में उपस्थित पुलिस अधीक्षक अजय पांडे, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ए.पी. सिंह, रक्षित निरीक्षक आशीष तिवारी एवं जिले के अन्य पुलिस अधिकारियों ने भी गुलाल लगाकर सभी स्टॉफ को बधाई दी एवं समस्त पुलिसकर्मियों ने भी एक-दूसरे को गुलाल लगाकर बधाई दी। समारोह में महिला व पुरुष पुलिसकर्मियों द्वारा डीजे की धुन एव होली व फिल्मी गानों पर जमकर नृत्य किया गया, साथ ही वाटर केनन से पानी की बौछारो में भीगते हुए होली मिलन समारोह का भरपूर आनंद लिया। समारोह में लगभग 200 पुलिस अधिकारी/कर्मचारी मौजूद रहे।

### उप संचालक कृषि जितेन्द्र सिंह के निवास पर फाग का आयोजन



# जैन समाज ने मनाया अष्टानिका महापर्व

छिन्दवाड़ा, देशबन्धु। सकल जैन समाज के साथ श्री दिगंबर जैन मुमुक्षु मंडल एवं अखिल भारतीय जैन युवा फेडरेशन के जिनशासन सेवकों ने फाल्गुन शुक्ल अष्टमी से फाल्गुन शुक्ल पूर्णिमा तक अनादि निधन शाश्वत महापर्व अष्टान्हिका की मंगल आराधना करते हुए जिनशासन की मंगल प्रभावना की।



फेडरेशन सचिव दीपक राज जैन ने बताया कि मंगलमय प्रसंग पर सभी ने नौ दिनों तक अहिंसा स्थली गोल गंज स्थित श्री आदिनाथ दिगंबर जिनालय में श्री सिद्धचक्र महामंडल विधान के माध्यम से सिद्ध परमेष्ठि भगवन्तों का गुणगान किया, जिसका कुशल निर्देशन मंगलायतन अलीगढ़ से पधारे विद्वान पंडित अशोक कुमार लुहाड़िया, मंगलार्थी समकित शास्त्री एवं स्थानीय विद्वान पंडित ऋषभ शास्त्री द्वारा किया गया।

## मंगल प्रवचनों का मिला लाभ

इस अवसर पर सकल समाज को स्वाध्याय भवन में पंडित अशोक लुहाड़िया द्वारा एवं मंगलार्थी समकित शास्त्री के मंगल प्रवचनों का लाभ मिला जिसमें उन्होंने बहुत ही सरल एवं सुगम शैली में जैन दर्शन का महत्व सहित प्राण जाए पर प्रतिज्ञा न जाए के साथ जीवन में सहजता का महत्व बताया जिसका लाभ बड़ी संख्या में समाज बंधुओं ने लिया।

## ये रहे सौभाग्यशाली परिवार

श्री सिद्धचक्र महामंडल विधान के मुख्य आयोजक बनने का सौभाग्य चंदाबाई समता जैन को मिला जिनके साथ अन्य परिवारों में छाया प्रकाश जैन अहिंसा परिवार, प्रमिला अशोक कुमार, चम्पादेवी जुगराज जैन, अर्चना प्रसन्न जैन वकील, रानी डॉ. के.सी. जैन परिवार, सरोज अजित जैन परिवार, जयन्ती महेन्द्र बाबू परिवार, सरिता अरविंद जैन परिवार, अशा कौशल विजय कौशल परिवार, सुनीता विनोद जैन परिवार, उषाकिरण समंत जैन परिवार, कमला पीतांबर लाल पाटनी परिवार को प्राप्त हुआ। जिनके शुभ भावों की सभी ने अनुमोदना की ओर विधान के पश्चात वीतराग भवन में आयोजित साधर्मी वात्सल्य में हिस्सा लिया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रावक/श्राविकाऐं उपस्थित हुए।

# चौरसिया समाज का प्रथम होली मिलन समारोह संपन्न

छिन्दवाड़ा, देशबन्धु। कल 16 मार्च को चौरसिया समाज छिंदवाड़ा द्वारा होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन चौरसिया समाज के मंगल भवन में आयोजित किया गया जिसमें समाज के सभी स्वजातीय बंधुओं और मात्र शक्ति ने बढ़ चढकर हिस्सा लिया।

इस अवसर पर समाज के अध्यक्ष धर्मेंद चौरसिया ने बताया कि समाज द्वारा प्रथम बार होली मिलन कार्यक्रम आयोजित किया गया, भविष्य में भी इसी तरह के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

इस संबंध में मुकेश चौरसिया ने बताया कि चौरसिया समाज के द्वारा लम्बे समय से विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन करते आया है खासकर सामूहिक विवाह, चौरसिया दिवस कार्यक्रम प्रमुख रूप से शामिल है। इस वर्ष चौरसिया समाज के महिला, पुरूष, युवा इकाई ने होली मिलन समारोह का मनाने का निर्णय किया था जिसके तहत प्रथम होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया।



# सिद्ध सिमरिया धाम में विशेष पूजा अर्चना की पूर्व सांसद नकुलनाथ ने

छिन्दवाड़ा, देशबन्धु। बल, बुद्धि व विद्या के दाता संकट को हरने वाले और सुख, शांति व समृद्धि देने वाले हनुमान जी महाराज के श्री चरणों में जिले के पूर्व सांसद नकुलनाथ ने माथा टेका। सिद्ध सिमरिया धाम पहुंचे नकुलनाथ ने विधि विधान से समस्त देवी-देवताओं की पूजा अर्चना की।

संकट मोचन हनुमान जी महाराज की पूजा अर्चना के उपरांत मंदिर के गर्भगृह में विराजमान समस्त देवी-देवताओं की पूजा अर्चना कर नकुलनाथ ने नगर, जिले, प्रदेश व देश के लिए सुख, शांति व वैभव की कामना की। किसानों के लिए समृद्धि युवाओं के लिए रोजगार व मातृशक्ति के लिए सुरक्षा मांगी। इस दौरान कांग्रेस के पदाधिकारी व कार्यकर्तागण सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु भक्तजन उपस्थित रहे।

## चर्चा करेंगे सांसद

आज 17 मार्च 2025 को नकुलनाथ प्रात: 11:30 बजे छिन्दवाड़ा एवं पांढुर्ना युवक कांग्रेस के पदाधिकारियों की शिकारपुर कमलकुंज में आयोजित बैठक में उपस्थित होंगे। दोपहर 12 बजे छिन्दवाड़ा एवं पांढुर्ना जिला एनएसयूआई के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं की आयोजित बैठक में सम्मिलित होंगे।



# एनएसएस का सात दिवसीय शिविर आयोजित



छिन्दवाड़ा, देशबन्धु। डेनियलसन डिग्री कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का सात दिवसीय विशेष शिविर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. स्मृति हाबिल के निर्देशन एवं जिला संगठक प्रो. रविन्द्र नाफड़े के नेतृत्व में 13 मार्च 2025 को संपन्न हुआ। शिविर समापन में मुख्य अतिथि प्रो. अनीता शर्मा, एन.एस.एस. कार्यक्रम अधिकारी विनोद तिवारी, श्यामल राव, रामरतन सनोडिया, के.बी.एल. शर्मा, ग्राम के सरपंच विजेंद्र इवनाती की उपस्थिति में हुआ। जिला संगठक प्रो. रविंद्र नाफड़े ने युवाओं को समाज सेवा के माध्यम से व्यक्तित्व विकास व चरित्र निर्माण में राष्ट्रीय सेवा योजना का महत्व बताया शिविर के दौरान राष्ट्रीय सेवा स्वयंसेवकों द्वारा मेरा भारत, डिजिटल साक्षरता के लिए युवा थीम के अंतर्गत स्वच्छता जागरूकता, नशा मुक्ति अभियान, बाल संरक्षण, महिला सशक्तिकरण, स्वास्थ्य जागरूकता शिविर जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर जन जागरूकता कार्य किया गया। लिंगा स्थित मां निर्मला देवी आश्रम में युवाओं द्वारा प्रतिदिन श्रमदान कार्य करते हुए श्रम के महत्व को जाना। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि स्मृति हाबिल एवं अनीता शर्मा द्वारा स्वयंसेवक को प्रशस्ति पत्र एवं मैडल देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम को सफल बनाने में महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकगण, कर्मचारी, शिविर नायक चंचलेश वर्मा, जेबा अंसारी, अकलेश प्रजापति एवं रासेयो स्वयंसेवकों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# पूर्व सांसद नकुलनाथ के आगमन पर इमलीखेड़ा हवाई पट्टी में किया स्वागत

छिन्दवाड़ा, देशबन्धु। समाज के हर वर्ग के बीच लोकप्रिय व अपनत्व की भावना से जुड़े जिले के पूर्व सांसद नकुलनाथ का तीन दिनी दौरे पर छिन्दवाड़ा आगमन हुआ। ईमलीखेड़ा हवाई पट्टी पर आगमन उपरांत कांग्रेस के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने उनका पुष्प गुच्छ व पुष्पहार भेंट कर रंग एवं गुलाल लगाकर होली व धुरेंडी की शुभकामनाएं देकर स्वागत किया। कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं ने उनकी अगवानी की। इस दौरान जिला कांग्रेस कमेटी, महिला कांग्रेस कमेटी, जिला कांग्रेस सेवादल, किसान कांग्रेस, सहकारिता प्रकोष्ठ, युवक कांग्रेस व एन.एस.यू.आई. के पदाधिकारी व कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

नकुलनाथ का काफिला ईमलीखेड़ा हवाई पट्टी से निकलकर शिकारपुर कमलकुंज के लिए बढ़ा तो ईमलीखेड़ा चौक पर एनएसयूआई के हजारों की संख्या में उपस्थित पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी, बैंड, गाजे व बाजों के साथ नकुलनाथ का ऐतिहासिक स्वागत किया। जिलेभर से आए कांग्रेस के छात्र संगठन एनएसयूआई के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं का नकुलनाथ व कमलनाथ के प्रति समर्पण देखते ही बना। नकुलनाथ ने सभी का अभिवादन स्वीकार किया। जिला एनएसयूआई की कार्यकारिणी घोषित होने के उपरांत प्रथम आगमन पर एनएसयूआई प्रभारी राकेश माहोरे व जिला एनएसयूआई अध्यक्ष अजय सिंह ठाकुर के नेतृत्व में ऐतिहासिक स्वागत समारोह का आयोजन किया गया था।

नकुलनाथ ने एनएसयूआई के द्वारा आयोजित स्वागत समारोह को सम्बोधित करते हुए सर्वप्रथम उपस्थित एनएसयूआई के ऊर्जावान युवाओं सहित समस्त कांग्रेस परिवार के सदस्यों व जिलेवासियों



को होली एवं धुरेंडी पर्व की हृदय से हार्दिक शुभकामनाएं दी। अपने संक्षिप्त व सारगर्भित उदबोधन में नकुलनाथ ने कहा कि बड़े समय के बाद युवाओं में कांग्रेस के प्रति यह जोश व जुनून देखने को मिला है। मुझे पूरी उम्मीद ही नहीं बल्कि यह भरोसा भी है कि समय के साथ यह जोश और बढ़ेगा। छिन्दवाड़ा एवं पांढुर्ना जिले के मेरे युवा साथी कांग्रेस का झण्डा उठाकर छिन्दवाड़ा संसदीय क्षेत्र की ओर से दिल्ली की संसद में फहराएंगे।

# 'आपके सहयोग से सांसद तक पहुंचा हूं, मेरा कर्तव्य है आपकी सेवा करना'



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** छिंदवाड़ा के इतिहास में पहली बार छिंदवाड़ा का बेटा संसद तक पहुँचा है, यह आप लोगों का सहयोग और आर्शीवाद ही है मैं आज सांसद हूँ, अब मेरा कर्तव्य है कि मैं आप लोगों की सेवा करूँ। उक्त आशय के उद्गार धनोज कुनबी समाज के वार्षिक स्नेह सम्मेलन एवं सत्कार सामारोह के दौरान सांसद बंटी विवेक साहू ने व्यक्त किए।

इस दौरान समाज के लोगों को संबोधित करते हुए सांसद बंटी विवेक साहू ने कहा कि पहले लोगों को सांसद से बात करने के लिए महीनों का इंतजार एवं घंटो की प्रतीक्षा करनी पड़ती थी। लेकिन अब आपका बेटा चौबीसों घंटे आप लोगों के लिए उपलब्ध है। इस तरह के आयोजन भविष्य में निरंतर होते रहना चाहिए जिससे हमारी एकता और अखंडता का पता चलता है। इस दौरान समाज के प्रमुखों द्वारा सांसद बंटी विवेक साहू से समाज के भवन एवं अन्य कार्यो के लिए 10 लाख की राशि सांसद निधि देने की मांग की जिसे सांसद श्री साहू ने तत्काल ही मंच से घोषणा करते हुए 10 लाख की राशि देने की बात की। जिसके बाद उपस्थित सामाजिक बंधुओं ने तालियां और सांसद जी की जयघोष करके उनका अभिवादन किया।

**सांसद ने किया समाज दर्शन पत्रिका का विमोचन**

कार्यक्रम के दौरान सांसद बंटी विवेक साहू द्वारा समाज द्वारा तैयार की गई समाज दर्शन पत्रिका का विमोचन भी किया गया। उक्त पत्रिका में समाज की उपलब्धियों के साथ ही युवक-युवतियों का परिचय भी दिया गया है। जिसके माध्यम से भविष्य में युवक-युवतियों की शादियां तय हो सकेगी। इस प्रतियोगिता में समाज के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले सामाजिक युवक.युवतियों और अन्य बंधुओं का विवरण भी दिया गया है।

**उत्कृष्ट अंक हासिल करने वाले विद्यार्थी हुए सम्मानित**

कार्यक्रम के दौरान सांसद बंटी विवेक साहू द्वारा दसवीं एवं बारहवीं में उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने पर लगभग 20 विद्यार्थियों को शील्ड देकर सम्मानित किया गया। यह वे विद्यार्थी है जिन्होंने दसवीं एवं बारहवीं में उच्च अंक हासिल किए है। सांसद श्री साहू के हाथों से पुरस्कृत होने पर विद्यार्थियों के चेहरे पर खुशी देखी गई। इस दौरान बड़ी संख्या में सामाजिक बंधु मौजूद



## जिला माली समाज विकास परिषद छिन्दवाड़ा का होली मिलन और कार्यकारिणी की बैठक आयोजित

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** जिला माली समाज विकास परिषद के प्रचार मंत्री गणेश कारटे ने बताया गया कि आज दिनांक 16 मार्च 2025 दिन रविवार को जिला माली समाज अध्यक्ष भाउराव चरपे की उपस्थिति में जिला माली समाज भवन बरारीपुरा में होली मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया गया। होली मिलन समारोह पश्चात आगामी 11 अप्रैल 2025 को महात्मा फुले की वार्ड नंबर 40 लोनिया करबल महात्मा फुले भवन में जयंती मनाये जाने हेतु रूपरेखा बनायी एवं प्रमुख प्रस्ताव किये गये।

आज इस भव्य होली मिलन समारोह में मुख्य रूप से समाज के अध्यक्ष भाउराव चरपे, प्रभाकर भुसानकर, विजय घोरसे, ज्ञानेश्वर कनेरे, हरिभाउ बाडबुदे, मानिकराव भोजे, मधुकर घोरसे, गोविन्द राव आलोनकर, प्रभाकर अलोने, सुरेश घोरसे, अनिल बाद्य, दीपक बाड़बुदे, जानराव चरपे, जागेश्वर राव घोरसे, मनीष सातपुते, सुखदेव घोरसे, मिलिन्द चरपे, महेन्द्र सातपुते, अशोक अंबाडकर, सत्येन्द्र सेमेकार, तुलसीराम चोरकर, दीपेश चरपे, गजानंद चरपे, पंकज घोरसे, प्रकाश सातपुते, प्रकाश बाड़बुदे, मधुकर घोरसे, मुन्ना चरपे, सुरेश घोरसे, देवानंद निकाजू, अरूण घोरसे सहित अन्य सामाजिक बंधु उपस्थित थे।

**सार-समाचार**

## निगम आयुक्त के निर्देश पर तेज हुई वसूली की कवायद

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** वित्तीय वर्ष 2024-25 समाप्त होने में अब 15 दिन से भी कम समय शेष है। नगर पालिक निगम आयुक्त चंद्रप्रकाश राय के निर्देश पर निगम के राजस्व अमले द्वारा वसूली की कवायद तेज कर दी गई है। आज से शहर के विभिन्न वार्डो में डोर टू डोर वसूली अभियान चलाएंगे। इसके साथ ही निगमायुक्त ने बड़े बकायादारों के नाम क्रमिक रूप से दैनिक अखबारों में प्रकाशित करने की कार्यवाही करने के निर्देश भी राजस्व अधिकारी को दिए। निगमायुक्त द्वारा जारी आदेश अनुसार निकाय के सभी वसूली कर्मचारी अब डोर टू डोर पहुंचेंगे, इसके साथ ही करदाता स्वयं भी निगम के जोन कार्यालयों में जाकर अपने संपत्ति कर एवं जल उपभोक्ता प्रभार की राशि जमा कर सकते है। शहर के करदाता निगम द्वारा बनाए गए कुकड़ा जगत जोन कार्यालय, जीएसटी ऑफिस के सामने सेवा सदन, जगन्नाथ स्कूल के पीछे जोन कार्यालय, निगम मुख्यालय, लोनिया करबल जोन कार्यालय एवं चंदनगांव के संपत्ति कर एवं जलकर के संग्रहण काउंटर में अपने बकाया जलकर एवं संपत्ति कर का भुगतान कर सकते है।

नगर निगम आयुक्त ने बताया कि वर्तमान में जारी आवासीय संपत्ति कर के बिल में वर्ष 2024-25 की राशि 50 प्रतिशत छूट घटाकर लिखी गई है अतएव करदाता को बिल में लिखी राशि ही जमा करना है। इसके साथ ही इस बिल का भुगतान यदि चालू वित्तीय वर्ष में नहीं किया जाता है तो संपत्ति कर की राशि की छूट समाप्त हो होगी अर्थात अगले वर्ष में राशि 100 प्रतिशत हो जाएगी।

विदित हो कि नगर निगम द्वारा आवासीय भवनों के संपत्ति कर में प्रतिवर्ष 50 प्रतिशत की छूट दी जाती है एवं संपत्ति कर के बिल का वितरण 50 प्रतिशत घटाकर ही किया गया है परंतु मध्य प्रदेश शासन द्वारा 26 सितंबर 2020 को जारी राजपत्र के अनुसार यदि भवन स्वामी द्वारा चालू वर्ष के संपत्ति कर भुगतान चालू वित्तीय वर्ष में नहीं किया गया तो संपत्ति कर पर दी जाने वाली 50 प्रतिशत छूट समाप्त हो जायेगी और भवन स्वामी को मूल संपत्ति कर का भुगतान करना होगा। इसके साथ ही भवन स्वामी पर अधिभार भी अधिरोपित किया जाएगा। इस असुविधा से बचने के लिए भवन स्वामी करदाता को अपने बकाया संपत्ति कर भुगतान चालू वित्तीय वर्ष में करना होगा।

## ईपीएस 95 पेंशन स्कीम में सुधार हेतु भारतीय मजदूर संघ का आंदोलन

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** भारतीय मजदूर संघ की केन्द्रीय कार्यकारिणी की गुवाहाटी में सम्पन्न हुई बैठक में प्रस्ताव पारित कर यह निर्णय लिया गया कि आगामी 18 मार्च दिन मंगलवार को अखिल भारतीय स्तर पर जिलाध्यक्ष कार्यालय के सामने धरना प्रदर्शन कर वित्त मंत्री भारत सरकार नई दिल्ली को संबोधित एक ज्ञापन प्रेषित किया जावेगा। इस ज्ञापन में निम्नलिखित मांगों पर भारत सरकार का ध्यान आकर्षित कराया गया है।

ज्ञापन की मुख्य मांगे ई.पी.एस. पेन्शनर्स की न्यूनतम पेंशन 1000 रूपये से बढ़ाकर 5000 रूपये किया जावे एवं साथ में डी.ए.जोड़ा जावे, ई.पी.एफ.की वेतन सीमा 15000 रूपये से बढ़ाकर 30000 रूपये और ई.एस.आई.सी. की वेतन सीमा 21000 रूपये से बढ़ाकर 42000 रूपये की जावे, सार्वजनिक सम्पत्ति की बिक्री पर तत्काल रोक लगाई जाय, बीमा/वित्तीय क्षेत्र में 100 प्रतिशत विदेशी निवेश पर रोक लगाई जाये, स्कीम वर्कर्स को सरकारी कर्मचारियों के समान वेतन एवं सामाजिक सुरक्षा दी जाये, असंगठित क्षेत्र हेतु पर्याप्त धनराशि उपलब्ध करवाई जाये। जिला समिति भारतीय मजदूर संघ के द्वारा 18 मार्च 2025 को सायं: 4 बजे जिलाध्यक्ष को ज्ञापन जायेगा। म.प्र. शासन के विभाग तथा ऐसे उद्योग जहाँ तक ई.पी.एफ. योजना लागू है। ऐसे सभी कर्मचारी श्रमिक अधिक से अधिक संख्या में जिलाध्यक्ष कार्यालय के सामने स्थित मैदान में एकत्रित होकर इस कार्यक्रम में सहभागिता करें। जिला समिति के अध्यक्ष मंजू राहंगडाले, जिला मंत्री अर्जुन भारती, उपाध्यक्ष निरंजन राजपूत, जयशंकर विरहा, अचल सिंह ठाकुर, सौरभ अवस्थी, राकेश श्रीवास्तव ने सभी श्रमिकों एवं कर्मचारियों से इस ज्ञापन के कार्यक्रम में शामिल होकर सफल बनाने का आव्हान किया है।

## ब्रम्ह समाज करेगा वैदिक पाठशाला का आयोजन

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** रविवार को श्री परशुराम वाटिका में ब्रम्ह समाज कल्याण मंडल के अध्यक्ष विजय पांडे की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में तय हुआ कि ब्रम्ह समाज कल्याण मंडल के मागदर्शन में ब्रह्म समाज युवा प्रकोष्ठ दो मई से वैदिक पाठशाला का आयोजन करेगा। इस वैदिक पाठशाला में ज्योतिष एवं शास्त्र से संबंधित विभिन्न विधाओं का अध्ययन कराया जाएगा। युवा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष रोहित द्विवेदी ने जानकारी देते हुए बताया कि इस पाठशाला को मुख्य रूप से तीन भागों में विभाजित किया गया है जिसमें सरल संस्कृत, अध्ययन शास्त्र संस्कृत, अध्ययन एवं ज्योतिष अध्ययन शामिल है।

## पार्लियामेंट के सेशनल में भाग लेने दिल्ली में रहेंगे सांसद विवेक बंटी साहू

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** संसद का पार्लियामेंट सेशन दिल्ली में चल रहा है। जिसमें शामिल होने के लिए सांसद बंटी विवेक साहू 16 से 19 मार्च तक दिल्ली दौरे पर रहेंगे। सांसद श्री साहू पिछले दिनों भी संसद के पार्लियामेंट सेशन में शामिल होने के लिए दिल्ली गये हुए थे।

उल्लेखनीय है कि सांसद श्री साहू जब से सांसद बने है तब से ही वे लगातार पार्लियामेंट के सेशनों में शामिल हो रहे है। पिछले दिनों उनके द्वारा पार्लियामेंट में कुछ मुद्दों को लेकर अपनी बात भी रखी गई थी। उम्मीद है कि जल्द ही उन्हें दोबारा अपनी बातों को रखने का अवसर मिलेगा। सांसद श्री साहू के दिल्ली से लौटने के बाद ही छिंदवाड़ा और पांढुर्णा जिले में आयोजित कार्यक्रमों और सांसद कार्यालयों में आम जनों से मुलाकात का कार्यक्रम जारी किया जायेगा। उक्ताशय की जानकारी सांसद कार्यालय से जारी विज्ञप्ति में दी गई है।

## कलेक्टर के निवास पर मनाई गई होली, रंग-गुलाल लगाकर एक-दूसरे को दी शुभकामनाएं, गीतों की धुन पर थरके कदम





**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी धुरेंडी का पर्व 14 मार्च को रंग उत्सव के रूप में कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह के निवास पर हर्बलयुक्त रंग गुलाल के साथ मनाया गया जहां कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह के अलावा एस.पी. अजय पाण्डेय, सी.ई.ओ. अग्रिम कुमार, अपर कलेक्टर के.सी. बोपचे, संयुक्त कलेक्टर अंकिता त्रिपाठी, ज्योति ठाकुर, एस.डी.एम. सुधीर जैन, डिप्टी कलेक्टर राहुल सिंह पटेल, पी.ए. देवेश शर्मा, सतीश गोंडाने के अलावा उप संचालक कृषि जितेन्द्र कुमार सिंह, तहसीलदार एस.एन. त्रिपाठी, लेबर ऑफिसर संदीप मिश्रा, आयुक्त नगर पालिक निगम सी.पी. राय, पूर्व प्रेस क्लब अध्यक्ष आर.एस. वर्मा, उप संचालक पशु चिकित्सा डॉ. एच.जी.एस. पक्षवार, कलेक्टर कार्यालय के सभी कर्मचारी, अधिकारी, डी.पी.सी. ई.आर.ई.एस., सहायक आयुक्त, जिला आबकारी अधिकारी सहित अन्य कर्मचारी, अधिकारी उपस्थित थे। परम्परानुसार कलेक्टर निवास पर गुलाल लगाकर एक दूसरे को शुभकामनाऐं दी गई। सभी ने उत्साह पूर्वक डी जे की धुन पर थिरके भी खासकर महिला टीम ने काफी उत्साह पूर्वक रंगोत्सव मनाया और गाने पर थिरके भी। इस दौरान अन्य साथियों के साथ कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक भी थिरकने से पीछे नहीं रहे। छोटे बच्चों का उत्साह भी देखते ही बन रहा था। स्वल्पाहार के बाद होली मिलन समारोह संपन्न हुआ। छाया- शेख अल्फाज

## नगर निगम के वार्ड क्रमांक-33 में कर्मचारी न रहने से साफ-सफाई हो रही है प्रभावित

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** नगर निगम के वार्ड नंबर 33 में सफाई कर्मचारी ना रहने के कारण नालियों की साफ-सफाई नहीं हो पा रही है अत: दो साल से पार्षद चन्द्रभान चंदू ठाकरे ने आयुक्त एवं महापौर नगर पालिक निगम छिन्दवाड़ा से निवेदन कई बार निवेदन कर चुके है कि मेरे वार्ड में दो कर्मचारी वर्ष 2023-24 में रिटायर्ड हो गये है एवं एक कर्मचारी का स्वर्गवास हो चुका है। जिसके कारण वार्ड की साफ-सफाई नहीं हो पा रही है और वार्ड में गदंगी का अम्बार लगा हुआ है। इसलिये वार्डवासियों में बहुत आक्रोश व्याप्त है एवं वार्ड में नये कर्मचारियों की नियुक्ति नहीं होने से आयुक्त एवं महापौर से कई बार निवेदन कर चुका है परंतु नगर पालिक निगम द्वारा कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। यदि वार्ड नंम्बर 33 में नये कर्मचारियों नहीं मिलते हैं तो नगर पालिक निगम छिन्दवाड़ा में पार्षद एवं वार्डवासियों के द्वारा धरना देंगे। उक्ताशय की जारी विज्ञप्ति पार्षद चंदू ठाकरे ने दी है और सभी से सहयोग की अपील की है।

# अभा 70वां कवि सम्मेलन दशहरा मैदान में आयोजित



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी श्री सुगम मानस मण्डल के तत्वाधान में 14 मार्च 2025 धुरेंडी के दिन अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन स्थानीय दशहरा मैदान छिन्दवाड़ा में आयोजित किया गया जहां 70 वां अखिल भारतीय कवि सम्मेलन संपन्न हुआ।

सुगम मानस मण्डल के संयोजक रमेश पोफली ने सम्मेलन की यात्रा की पूरी जानकारी देते हुए बताया कि कवि सम्मेलन स्व. प्रतुलचंद द्विवेदी को समर्पित करते हुए मंच कवियों को समर्पित किया। इस वर्ष कवि सम्मेलन में सांड नरसिंगपुरी, पदम सुरेन्द्र दुबे, मंजर भोपाली सहित दो कवित्रियां और मंच संचालक कवि शशीकांत यादव, विकास बोखल, रूचि चतुर्वेदी, श्रद्धा शौर्य मौजूद रहे जिन्होंने जनता को हंसाया और गुदगुदाया तो वहीं मंजर भोपाली ने अपनी गजलों से खूब गुदगुदाया और हंसया जहां डॉ. श्रद्धा शौर्य ने वीर रस की कविता पढ़ते हुए कहा कि अभी काशी मथुरा बाकी है। तो वहीं रूचि चतुर्वेदी ने रसखान के गीत गाकर सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। विकास बोखल ने तात्कालिक कविता बनाकर हास्य कवि के रूप में अपना परिचय दिया तो मंजर भोपाली ने खूब गजलों से हंसाया, वंस मोर के नारे लगवाऐं तो वहीं ये है गंगा का पानी गाकर सभी को हंसा दिया तो वहीं सांड नरसिंगपुरी ने अनेक विद्याओं की जानकारी दी और कहा कि यमुना का पानी हो सकता है लेकिन गंगा का पानी नहीं वह अम्रत है। शशीकांत यादव ने मंच संचालन में सभी कवियों का परिचय दिया और राजनैतिक टिप्पणीयां भी खूब की। सुरेन्द्र दुबे जो भिलाई छत्तीसगढ़ से आते है और पद्म श्री से सम्मानित है ने खूब हंसाया कि टाईगर अभी जिंदा है इसलिए छिन्दवाड़ा के लोग खास है इसलिए सभी झकास है।

इस अवसर पर काफी संख्या में लोग कवि सम्मेलन सुनने के लिए आऐं। इसके पूर्व आय व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत किया गया तो वहीं इसकी विधिवत शुरूआत सुगम मानस मण्डल के गायन से प्रारंभ हुआ। सुगम मानस मण्डल के अध्यक्ष निरपत सिंह टेखरे, मंत्री घनश्याम कर्मवीर, कोषाध्यक्ष संजीव जैन सहित अनेक लोग उपस्थित थे। इस अवसर पर सभी दलों के राजनैतिक विभूतियां के अलावा गणमान्य नागरिक, समाजसेवी, भाजपा कांग्रेस के नेता, इलेक्ट्रानिक, प्रिंट मीडिया के सदस्य और काफी संख्या में मातृशक्तियां उपस्थित थी। खासकर पूर्व विधायक, पूर्व मंत्री भी इस कवि सम्मेलन में शिरकत किए। कवियों ने दोपहर के भोजन को खूब सराहा और पूरण पोळी की कवि सम्मेलन में कवि और कवित्रियां सराहना करती रही। कवि सम्मेलन देर रात तक चला।

छाया- शेख अल्फाज